कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा
जिला-कोरबा (छ0ग0)
ई–मेल: gevpg1981@gmail.com www.gevpgkrb.ac.in

पत्र क्रमांक/ 841 /स्था./2025/कोरबा, दिनांक 30/07/2025

# // प्रवेश सूचना //

छ.ग. के शैक्षणिक संस्थान के लिए सत्र 2025–26 हेतु प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत की कंडिका 2.2 के अनुसार महाविद्यालयों में **स्नातक (बी.ए., बी.कॉम, बी.एस.सी (बायो/गणित), बी.सी.ए), स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, डी.सी.ए, पी.जी.डी.सी.ए एवं पी.जी.डी.बी.एम** में प्राचार्य स्तर पर प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। प्रवेश के अंतिम दिवस 31.07.2025 को सीट रिक्त होने की स्थिति में निम्न प्रकिया के अंतर्गत प्रवेश दिया जावेगा।

1. प्रातः 11.00 से 12.00 बजे तक पूर्व में जारी समस्त मेरिट सूची से प्रवेश लेने से वंचित आवेदकों को रिक्त सीट के विरुद्ध आरक्षण प्रक्रिया का पालन करते हुये गुणानुक्रम में प्रवेश दिया जावेगा।
2. साथ ही साथ प्रातः 11.00 से 12.00 बजे तक ऐसे छात्र जिन्होने विश्वविद्यालय के पोर्टल में प्रवेश हेतु आवेदन किया है एवं जिनका नाम किसी भी मेरिट सूचीं में नही आया है वे अपना नाम प्रवेश प्रभारी के पास दर्ज करायेंगे।
3. सीट रिक्त रहने पर दोपहर 12.00 से 01.00 बजे तक आरक्षण के वर्गवार (अनारक्षित/एस.टी./एस.सी/ अन्य पिछडा वर्ग) उपस्थित आवेदक जिन्होने कंडिका 2 के अनुसार अपना नाम दर्ज कराया है, को गुणानुक्रम में प्रवेश दिया जावेगा तथा दिव्यांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के आवेदको के उपस्थित होने पर उसी वर्ग की दिव्यांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रिक्त सीट पर गुणानुक्रम में प्रवेश दिया जावेगा। दिव्यांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के अवेदक उपलब्ध नही होने की स्थिति में इस वर्ग की सीटे उसी वर्ग के अन्य उपलब्ध आवेदको से भरी जावेगी।
4. आरक्षित वर्ग की सीट रिक्त होने पर सीट पर आरक्षण के विपरित कम में  के उपलब्ध आवेदकों को गुणानुक्रम में प्रवेश दिया जावेगा।
5. उपरोक्त के पश्चात यदि सीट रिक्त रह जाती है तो ऐसी सीट पर उपलब्ध आवेदकों को गुणानुक्रम में समय दोपहर 02.00 बजे के पश्चात मुक्त प्रवेश दिया जायेगा।

प्राचार्य
शासकीय इं.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)